# लोक शिक्षण संचालनालय
## मध्यप्रदेश

**दूरभाष 91–0755–2583659 फैक्स 0755–2583650**

ई–मेल dpividhya@gmail.com


क्र. /अकादमिक/राशिकप्र/राष्ट्रीय पुर./2022/1075 भोपाल, दिनांक 07 जून 2022

प्रति,

1. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश।
2. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश।
4. समस्त जिला परियोजना समन्वयक, मध्यप्रदेश।
5. समस्त सहायक आयुक्त/जिला संयोजक, आदिवासी विकास, मध्यप्रदेश।
6. समस्त विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी (आहरण–संवितरण अधिकारी) म.प्र.।

विषयः– **"राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2022"** हेतु ऑन–लाइन स्व–नामांकन की प्रक्रिया एवं चयन के मापदण्ड।

संदर्भः– भारत सरकार का पत्र कमांक एफ–1–16/2022–एन.ए.टी. दिनांक 27 मई 2022।

––0––

भारत सरकार, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संदर्भित पत्र कमांक एफ–1–16/2022–एन.ए.टी. दिनांक 27 मई 2022 के द्वारा **"राष्ट्रीय शिक्षक पुरूस्कार 2022"** हेतु ऑन–लाइन आवेदन हेतु पात्रता, नामांकन एवं चयन प्रक्रिया, जिला चयन समिति, राज्य चयन समिति एवं चयन के मापदण्ड प्रसारित किये गये हैं, जिसकी प्रति संलग्न है।

**"राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2022"** हेतु शिक्षकों द्वारा व्यक्तिशः सीधे ऑन–लाइन स्व–नामांकन भारत सरकार स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की बेवसाईट http://nationalawardstoteachers.education.gov.in पर दिनांक 01.06.2022 से 20.06.2022 तक किये जा सकेंगे। इस हेतु पात्रता, नामांकनों की स्क्रूटनी हेतु जिला चयन समिति का स्वरूप/मूल्यांकन के मापदण्ड, राज्य–स्तरीय चयन समिति का स्वरूप एवं समय सारिणी आदि निम्नानुसार है :–

## 1. राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2022 हेतु नामांकन की पात्रता

1.1 शासकीय/स्थानीय निकाय/अनुदान प्राप्त/प्राथमिक/माध्यमिक/हाई/हायर सेकण्डरी स्कूल/राज्य के मॉडल स्कूल एवं सी0बी0एस0सी0/आई0सी0एस0सी0 से संबद्ध विद्यालयों मे कार्यरत शिक्षक नामांकन हेतु पात्र होंगे।

1.2 नियमित रूप मे कक्षा अध्यापन कराने वाले शिक्षक/संस्था प्रमुख ही नामांकन हेतु पात्र होंगे।

1.3 सेवानिवृत्त शिक्षक, शैक्षिक प्रशासक, शैक्षिक निरीक्षक, एवं प्रशिक्षण संस्थाओं मे कार्यरत अमला नामांकन हेतु पात्र नहीं होंगे।

1.4 संविदा शिक्षक/अतिथि शिक्षक आदि नामांकन हेतु पात्र नहीं होंगे।

1.5 ट्यूशन कार्य मे संलिप्त रहने वाले शिक्षक/संस्था प्रमुख नामांकन हेतु पात्र नहीं होंगे।

क्रमशः .....2 पर

## 2. राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2022 हेतु नामांकन एवं चयन की प्रक्रिया

2.1 शिक्षक को भारत सरकार स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार हेतु http://nationalawardstoteachers.education.gov.in पर दिनांक 01 जून 2022 से 20 जून 2022 तक सीधे ऑन--लाइन स्व–नामांकन करना होगा।

2.2 प्रत्येक आवेदक को उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र मे किये गये उत्कृष्ट कार्य से संबंधित अभिलेख/की गई गतिविधियॉ/मैदानी भ्रमण/किये गये कार्य के फोटोग्राफ्स, आडियो, वीडियो आदि ऑन–लाइन अपलोड करने होंगे।

2.3 नामांकनकर्ता शिक्षक द्वारा अपलोड की गई जानकारी एवं कोई भी अभिलेख/पत्र छद्म पाया जाता है तो शिक्षक के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाई की जायेगी।

## 3. जिला चयन समिति का स्वरूप/कार्य

शिक्षक द्वारा ऑनलाईन किये गये नामांकन की प्रथम स्तर पर स्क्रूटनी हेतु जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता मे जिला चयन समिति का स्वरूप निम्नानुसार होगा :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी | अध्यक्ष |
| 2 | राज्य शासन के प्रतिनिधि | सदस्य (राज्य शासन का प्रतिनिधित्व प्राचार्य, डाइट करेंगे। जिन जिलों मे डाइट नही है, वे जिले उनके समीपस्थ जिले के जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य को आमंत्रित करेंगे) |
| 3 | जिला कलेक्टर द्वारा नामांकित शिक्षाविद | सदस्य |

3.1 संबंधित जिला चयन समिति द्वारा पृथक से हायर सेकण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यो की त्रि–सदस्यीय समिति गठित कर नामांकनकर्ता शिक्षक द्वारा ऑनलाइन अंकित तथ्यों/सूचनाओं/अभिलेखों/दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्यतः कराया जाये। शिक्षक द्वारा अपलोड किये गये दस्तावेज कूट रचित पाये जाने, शिक्षक के विरुद्ध पूर्व से कोई विभागीय जॉच/शिकायत/अनियमितता अथवा विपरीत तथ्य पाये जाने पर प्राचार्यो की समिति से "जिला चयन समिति" द्वारा शिक्षक के संबंध में स्पष्ट प्रतिवेदन प्राप्त किया जाये।

3.2 शिक्षक के विरुद्ध उक्त समिति से प्रतिवेदन प्राप्त होने तथा अन्य विपरीत तथ्य पाये जाने पर तथा किसी भी प्रकार से विवादित शिक्षक के नाम की अनुशंसा "जिला चयन समिति" द्वारा "राज्य चयन समिति" को नहीं की जाये।

3.3 उक्त सत्यापन में सही पाये गये शिक्षक का मूल्यांकन निर्धारित प्रपत्र–एक में जिला चयन समिति द्वारा किया जाये।

क्रमशः .....3 पर

3.4 जिला चयन समिति द्वारा जिले के मूल्यांकन में वरीयता क्रम से तीन शिक्षकों की अनुशंसा राज्य चयन समिति को ऑन–लाइन पोर्टल पर की जाकर वेरीफिकेशन एवं विजलेंस क्लियरेंस सार्टिफिकेट अपलोड किया जाये।

3.5 जिला चयन समिति द्वारा की जा रही तीन अनुशंसाओं में विशिष्ट परिस्थिति में कार्यरत असाधारण शिक्षक/संस्था प्रमुख/दिव्यॉग शिक्षक/दिव्यॉग बच्चों की शिक्षा में रत शिक्षक को विचारण में लिया जाकर यथासंभव एक नाम अनुशंसित किया जाये।

3.6 जिला चयन समिति द्वारा की जा रही तीन अनुशंसाओं में यथासंभव शिक्षा की विभिन्न विधाओं जैसे–साइंस, आर्ट, म्यूजिक, फिजिकल शिक्षा आदि के शिक्षकों को भी समाहित किया जाये।

## 4.समय–सारिणी

| स.क्र. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | नामांकनकर्ता द्वारा राष्ट्रस्तरीय शिक्षक पुरस्कार–2022 हेतु ऑन–लाइन आवेदन एवं नामांकन की तिथि। | 01.06.2022 से 20.06.2022 |
| 2 | जिला चयन समिति द्वारा राज्य चयन समिति के लिए पोर्टल पर ऑन–लाइन 03 अनुशंसाओं का अग्रेषण। | 01.07.2022 से 15.07.2022 |
| 3 | राज्य चयन समिति द्वारा "नेशनल ज्यूरी" को सार्टलिस्टेड 06 अनुशंसाओं का भारत सरकार के पोर्टल पर ऑन–लाइन अग्रेषण। | 16.07.202 से 30.07.202 |

## 5.मूल्यांकन प्रक्रिया

भारत सरकार द्वारा जारी गाईड लाईन अनुसार ऑनलाईन मूल्यांकन हेतु केटेगरी–ए हेतु 20 अंक एवं केटेगरी–बी हेतु 80 अंक निर्धारित हैं। तदनुसार ऑन–लाइन मूल्यांकन किया जायेगा जो निम्नानुसार है :–

6. शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार-2022 के लिए मूल्यांकन मैट्रिक्स, श्रेणी ए: उद्देश्य मानदंड

| स.क्र | विवरण | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1 | समुदाय, माता-पिता को प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षक द्वारा किया गया कार्य। पूर्व छात्र आदि किसी भी तरह से स्कूल में योगदान करने के लिए उदा। फिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर, कंप्यूटर, मिड डे मील, फंड्स, बुक्स आदि। | 3 |
| 2 | प्रकाशन (पिछले 5 वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय पत्रिकाओं में (ISSN के साथ)। | 3 |
| 3 | वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट या पिछले 3 वर्षों के अन्य प्रदर्शन मूल्यांकन उपकरण | 3 |
| 4 | क्या शिक्षक बिना किसी शिकायत के नियमित रूप से स्कूल जा रहा है? | 3 |
| 5 | क्या शिक्षक नियमित रूप से इन-सर्विस प्रशिक्षण में भाग ले रहा है, जिसे वह प्रतिनियुक्त है? | 2 |
| 6 | नामांकन बढ़ाने और छोड़ने के लिए शिक्षक द्वारा किया गया कार्य। | 2 |
| 7 | चाहे शिक्षक किसी भी कोर्स के लिए SWAYAM या किसी अन्य MOOCS प्लेटफॉर्म के तहत नामांकित हो | 2 |
| 8 | ई-सामग्री पाठ्यपुस्तकों का विकास, एससीईआरटी, बोर्डो या एनसीईआरटी सबटोटल के लिए शिक्षक हैंडबुक | 2 |
| | कुल अंक | 20 |

क्रमशः .....4 पर

श्रेणी बी : प्रदर्शन के आधार पर मानदंड (केवल सूचक और चित्रण)

| स.क्र | विवरण | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1 | छात्रों पर उनके अध्यापन के अधिक प्रभाव के लिए शिक्षक द्वारा किए गए अभिनव प्रयोग (जैसे आईसीटी का उपयोग, हर्षित सीखने की तकनीक)। टीचिंग लर्निंग मटीरियल, लो कॉस्ट टीचिंग एड्स आदि सहित दिन-प्रतिदिन शिक्षण गतिविधियों के लिए उपयुक्त शैक्षणिक दृष्टिकोण का विकास और उपयोग (नवाचारों / प्रयोगों की संख्या, पैमाने और प्रभाव के आधार पर) | 30 |
| 2 | अतिरिक्त और सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों का संगठन (संख्या, पैमाने और प्रयोगों के प्रभाव के आधार पर) | 25 |
| 3 | स्कूल के बुनियादी ढांचे और बच्चों में सामाजिक जागरूकता फैलाने के लिए समाज का जुटान। राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना | 25 |
| | कुल अंक | 80 |
| | महायोग | 100 |

## 6.लॉगिन आई.डी. एवं पासवर्ड

भारत सरकार द्वारा जिले के लिए निर्धारित किया गया फर्स्ट टाईम लॉगिन आई.डी. एवं पासवर्ड आपको पृथक से आपको ईमेल/व्हाट्स ऐप पर उपलब्ध कराऍ जाऐंगे। तदनुसार प्रदेश के अधिक से अधिक उत्कृष्ट शिक्षकों को निर्धारित तिथि तक भारत सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन नामांकन हेतु प्रेरित करें तथा निर्धारित समय सारिणी अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित कर निर्धारित तिथि 15 जुलाई, 2022 के पूर्व राज्य स्तरीय चयन समिति को प्रत्येक जिले से तीन उत्कृष्ट अनुशंसाऐं ऑनलाईन अग्रेषित करना सुनिश्चित करें।

(अभय वर्मा)
आयुक्त
लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश

क्र./अकादमिक/राशिकप्र/राष्ट्रीय पुर./2022/1026 भोपाल, दिनांक जून 2022

प्रतिलिपि :–

1. संयुक्त सचिव, भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, नई दिल्ली 110 115 की ओर पत्र कमांक एफ–1–16/2022–एन.ए. टी. दिनांक 27 मई 2022 के संदर्भ में सूचनार्थ।
2. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
3. आयुक्त, राज्य शिक्षा केन्द्र, मध्यप्रदेश।
4. आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु अग्रेषित।

आयुक्त
लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश